# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
## Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक: परीक्षा/1595
दिनांक: 13.01.2020

## विज्ञप्ति

1. ऐसे छात्र/छात्राऐं जो स्नातक स्तर पर तीनों भागों (प्रथम/द्वितीय/तृतीय) की परीक्षाओं में सम्मिलित हो चुके हैं और तीनों भाग (प्रथम/द्वितीय/तृतीय) में केवल क्वालीफाईग कोर्स (कोड 008/010) को छोड़कर अन्य सभी विषयों की परीक्षा में उत्तीर्ण हैं तथा उनके छः वर्ष पूर्ण नहीं हुये हैं तथा विश्वविद्यालय नियमानुसार एक वर्ष की सम्पूर्ण परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अर्ह हैं। ऐसे छात्र/छात्राओं को केवल क्वालीफाईग कोर्स (कोड 008/010) का बैक पेपर परीक्षा फार्म भरकर मुख्य परीक्षा-2020 के साथ परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अन्तिम अवसर प्रदान किया गया है।
2. ऐसे छात्र/छात्राऐं जो स्नातक स्तर पर तीनों भागों (प्रथम/द्वितीय/तृतीय) की परीक्षाओं में सम्मिलित हो चुके हैं और तीनों भाग (प्रथम/द्वितीय/तृतीय) में केवल क्वालीफाईग कोर्स (कोड 008/010) में अनुत्तीर्ण हैं व अन्य सभी विषयों में उत्तीर्ण हैं तथा उनके छः वर्ष पूर्ण होने के उपरान्त एक अतिरिक्त वर्ष कालबाधित हो गया है को केवल क्वालीफाईग कोर्स (कोड 008/010) का परीक्षा फार्म नामांकन संख्या (Enrolment No.) अनिवार्य रूप से अंकित करते हुये परीक्षा समिति के निर्णयानुसार अतिरिक्त शुल्क अंकन रू0 5000/- (पाँच हजार मात्र) के साथ भरकर मुख्य परीक्षा-2020 के साथ परीक्षा में सम्मिलित होने का अन्तिम अवसर प्रदान किया गया है।
3. ऐसे छात्र/छात्राऐ जिन्हें स्नातक अथवा स्नातकोत्तर स्तर (व्यक्तिगत) की उपाधि पूर्ण किये जाने हेतु छः वर्ष अथवा चार वर्ष पूर्ण होने के उपरान्त एक अतिरिक्त वर्ष कालबाधित हो गया है को केवल एक वर्ष (प्रथम/द्वितीय/तृतीय वर्ष) की सम्पूर्ण परीक्षा हेतु परीक्षा फार्म नामांकन संख्या (Enrolment No.) अनिवार्य रूप से अंकित करते हुये परीक्षा समिति के निर्णयानुसार अतिरिक्त शुल्क अंकन रू0 5000/- (पाँच हजार मात्र) के साथ भरकर मुख्य परीक्षा-2020 के साथ परीक्षा में सम्मिलित होने का अन्तिम अवसर प्रदान किया गया है।

13/01/2020
परीक्षा नियंत्रक

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-**

01. सचिव कुलपति को, माननीय कुलपति जी के अवलोकनार्थ प्रेषित।
02. वैयक्तिक सहायक प्रति कुलपति को, माननीय प्रति कुलपति जी के अवलोकनार्थ प्रेषित।
03. प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि वो उक्त से सम्बन्धित छात्र/छात्राओं को अपने स्तर से अवगत कराने का कष्ट करें।
04. वैयक्तिक सहायक वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।
05. लेखाधिकारी को सूचनार्थ।
06. वैयक्तिक सहायक कुलसचिव को, कुलसचिव जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
07. वैयक्तिक सहायक परीक्षा नियंत्रक को, परीक्षा नियंत्रक जी के संज्ञानार्थ प्रेषित।
08. उप कुलसचिव (गोपनीय/लेखा/सामान्य/कमैटी सैल/अति गोपनीय विभाग)।
09. समस्त अनुभाग प्रभारी, परीक्षा विभाग।
10. विश्वविद्यालय पूछताछ केन्द्र/सूचना पट।
11. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
12. प्रभारी, विश्वविद्यालय वेबसाईट।
13. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत कम्पनी, को इस आशय के साथ कि उपरोक्त विषय कोडों के परीक्षा फार्मों को विश्वविद्यालय नियमानुसार ही भरवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

13/1/2020
परीक्षा नियंत्रक